पंजाब केसरी 17/04/2024

स्टेट लेवल कॉमर्स फैस्ट में जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी छाए

कॉमर्स फैस्ट में पुरस्कार जीतने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 16 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज में कॉमर्स विभाग द्वारा आयोजित स्टेट लेवल कॉमर्स फैस्ट में जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों छाए रहे। इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया और कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुरेंद्र कुंडू, जस्मिता, उदिता एवं विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

डा. सुरेंद्र कुंडू ने बताया कि इस कॉमर्स फैस्ट के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, डिबेट, पी.पी.टी., एक्सटेंपोर, टैगलाइन, आर्टिकल राइटिंग, क्विज, लोगो, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें पी.पी.टी. में जी.एम.एन. कॉलेज की एम.कॉम प्रीवियस ईयर की छात्रा जसमीत कौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया तो वहीं पोस्टर मेकिंग में एम.कॉम फाइनल ईयर के सुनील ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा एक्सटेंपोर में एम.कॉम प्रीवियस ईयर की छात्रा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।